Oracle in Hindi



BccFalna.com
097994-55505

Kuldeep Chand

In this EBook I have covered **SQL** so that you can learn the Query Language and can Query various kinds of Data from the Database, created in First Step "**Database Designing Process**". This is **Standard Query Language** which is approximately same in approx. all DBMS Software like Oracle, DB2, MySQL, SQL Server, etc…

Then I have covered PL/SQL which is specially added Functionality in Oracle so that we can use Oracle with more control to develop Professional Database Applications. This feature is not available in any other DBMS Software.

And in last part I have used Visual Basic 6 to develop Frontend of a Professioanl Database Application. So that you can understand the fundamental concepts of Professional Oracle Database Application Software Development Process properly.

Oracle

8i/9i

(SQL/PLSQL)

In Hindi

■■■
Kuldeep Chand

Betalab Computer Center
Falna

Oracle 8i/9i – SQL/PLSQL in Hindi

Lead Editors: **Kuldeep Chand**

Distributed to the book trade worldwide by Betalab Computer Center, Behind of Vidhya Jyoti School, Falna Station Dist. Pali (Raj.) Pin 306116

e-mail bccfalna@gmail.com

or

visit http://www.bccfalna.com

For information on translations, please contact BetaLab Computer Center, Behind of Vidhya Jyoti School, Falna Station Dist. Pali (Raj.) Pin 306116

Phone **97994-55505**

This book is dedicated to those

who really wants to be

a

PROFESSIONAL DEVELOPER

INDEX OF CONTENTS

Table of Contents

ORACLE

THE HISTORY

Oracle – The History

Oracle दुनियां की बहुत ही बडी Software Companies में से एक है, जिसकी स्थापना 1977 में Relational Software Corporation के नाम से हुई थी। इस Company ने दुनियां के सबसे पहले Relational Database Management Software Oracle को Develop किया।

इसे Develop करने का पहला मुख्य कारण Database को नई Create की गई SQL Language के Compatible बनाए रखना था और दूसरा मुख्य कारण ये था कि वे Database Softwares को C Language में Develop करना चाहते थे, ताकि Database Software Cross Platform पर Run हो सकें। इन दोनों मुख्य Requirement को ध्यान में रखते हुए Company ने 20 साल तक इस Software को Develop किया और इस Software को Oracle का आज का रूप प्राप्त हुआ।

Oracle के पहले और दूसरे Version को Company के नाम Relational Software Incorporated (RSI) से ही Market में लाया गया था जबकि तीसरे Version को Market में लाने के साथ ही Company का नाम Change करके Oracle Corporation कर दिया गया।

हालांकि Oracle की Stability व Reliability धीरे–धीरे Improve हुई जब तक कि Oracle का पांचवा Version तैयार नहीं हुआ। इस पांचवे Version में Oracle ने जिस Architecture को Use किया, उसे आज हम Client/Server Architecture के नाम से जानते हैं। इस Version में Parallel Server Option को भी Define किया गया था। इसके बाद के छठे व सातवें Versions में High Performance, High Reliability व Greater Scalability प्राप्त करने के Trend को जारी रखा गया।

आठवें Version के साथ ही Oracle के Architecture को फिर से Modify किया गया और इसे **Network Computer Architecture** में Convert किया गया, जिसमें Oracle Database Fundamental Part के रूप में था।

हालांकि Oracle 8 के बहुत सारे Features को Oracle 7 में ही Appear कर दिया गया था, लेकिन ये नया Version Universal Database के Concept को ज्यादा Better तरीके से Implement करता था।

Universal Database एक ऐसा Database Implementation होता है, जो केवल Relational tables को ही नहीं बल्कि किसी भी प्रकार के Data को Store व Process कर सकता है। विभिन्न प्रकार के Data को Manage करने के Concept को Oracle 8 में Demonstrate किया गया, जिसमें हम विभिन्न प्रकार के Large Objects (LOB) को, Object Option के साथ Structured Objects को तथा विभिन्न प्रकार के Multimedia Objects जैसे कि Graphical, Musical व Videos को Mange कर सकते हैं। आठवें Version के बाद से इसी Trend को जारी रखा गया

है, जिसमें ज्यादा Data, ज्यादा Users व Better Performance को Manage किया जाता रहा है।

The Relational Database Architecture

Oracle के Structure को हम दो भागों में बांट कर देख सकते हैं। पहला भाग Oracle का Simple रूप है जबकि दूसरा भाग Oracle का Advance रूप है। यहां हम Oracle के Simple रूप को समझने की कोशिश करेंगे, जिसमें हम File-Based System, Client/Server System व Multi-User Architecture व Network Computing Architecture (NCA) के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। विभिन्न प्रकार के Architectures के बीच के अन्तर को समझना इसलिए जरूरी है ताकि हम हमारे Application व Database की जरूरत के आधार पर इन में से किसी Architecture को Choose कर सकें या एक Architecture से दूसरे Architecture पर Switch कर सकें।

File-Based Systems

Relational Database का सबसे सरल रूप File-Based System होता है। उदाहरण के लिए Microsoft Company का Microsoft Access एक File-Based Relational Database Management System है। Access में **.mdb** Extension के नाम की एक File होती है। इसी File में Database से सम्बंधित विभिन्न प्रकार के अन्य सभी Database Elements जैसे कि Tables, Queries व Forms होते हैं। ये File किसी User के स्वयं के Computer अथवा किसी Network पर स्थित हो सकती है।

हालांकि हम सामान्यतया इस File के Data को Display करने के लिए Access के Form या Query Elements का प्रयोग करते हैं, इसके अलावा हम Visual Basic जैसे किसी Software का प्रयोग करके भी MS-Access के इस File-Based Database को Access कर सकते हैं।

जब हम Data को Store करने के लिए Back-End के रूप में किसी File-Based System जैसे कि MS-Access का प्रयोग करते हैं, तब हर Front-End Application जैसे कि Visual Basic को इस बात के लिए सावधान रहना होता है कि इस File-Based System से Data को किस प्रकार से Read करना है या इसमें Data को किस प्रकार से Write करना है साथ ही एक ही समय में एक से ज्यादा Users समान Database के Data को बिना किसी परेशानी के Use कर सकें, इसके लिए हमें Application में Locking Mechanism के लिए भी परिभाषित करना पडता है।

जब हम Back-End के रूप में Microsoft Access को तथा Front-End के रूप में Visual-Basic जैसे किसी Application Developer को Use करना चाहते हैं, तब Front-End के लिए MS-Access के Database को Access करने के लिए हमें JET Engine का प्रयोग करना पडता है। यदि हम JET के अलावा किसी अन्य तरीके से MS-Access के Database को Access करने की कोशिश करते हैं, तो हमारा Database Corrupt हो सकता है।

चलिए, पहले Locking Mechanism को समझते हैं। जब MS-Access जैसा कोई Database किसी Network पर स्थित होता है और उसे एक से ज्यादा Users Access करते हैं, तब किसी समय उस Database की किसी एक ही Table के Data को एक से ज्यादा Users Access करने के लिए Request कर सकते हैं। इस स्थिति में यदि दोनों ही Users एक साथ किसी Table के Data को Access करते हैं, तो Table के Data के Corrupt होने की सम्भावना रहती है।

इसलिए एक ऐसे तरीके का प्रयोग किया जाता है, जिसमें यदि कोई एक User किसी Network पर स्थित Database के किसी Element को Access कर रहा होता है, तो उस Element को तब तक कोई दूसरा User Access नहीं कर सकता जब तक कि पहला User उस Element को Free ना कर दे।

यानी एक ऐसी प्रक्रिया को Use किया जाता है, जिसमें पहले User के लिए ही कोई Database Element Useable होता है, किसी अन्य User के लिए वही Element जिसे पहला User Use कर रहा है, तब तक के लिए Inaccessible होता है, जब तक कि पहला User उस Element को Free नहीं कर देता। इस स्थिति में पहले User के अलावा सभी अन्य Users के लिए वह Database Element Locked रहता है। इस प्रक्रिया को **Locking Mechanism** कहा जाता है।

File-Based Databases के साथ परेशानी ये है कि हम इसे बढा नहीं सकते हैं। एक छोटे Business System के लिए MS-Access का Database Suitable होता है, लेकिन बडे System के लिए MS-Access जैसे File-Based Database को Use नहीं किया जा सकता है।

हालांकि एक File-Based Database 100MB Data के साथ Successfully Deal कर सकता है, लेकिन जब Database में Records की संख्या काफी बढने लगती है या जब एक ही Database को दर्जनों Users Access करने लगते हैं, तब एक File-Based Database की Performance काफी घट जाती है।

उदाहरण के लिए यदि हम किसी File-Based Database के किसी Table के किसी Column में Stored 1 लाख Records में से सबसे बडी Value को प्राप्त करना चाहें, तो ये File-Based System सभी Records को Network से प्राप्त करेगा, फिर उन्हें Locally Process करेगा और Required Value को खोजेगा। एक लाख Records को Network से Retrieve करने में एक File-Based System को बहुत ही ज्यादा समय लगेगा और हमें बहुत ही ज्यादा देर तक Required Result के लिए Wait करना पडेगा।

Client/Server Architecture

जब किसी Database को बहुत सारे Users Use करते हैं और Database में बहुत सारा Data Store करना होता है, तब हम File-Based Approach को Use नहीं कर सकते हैं, क्योंकि उस स्थिति में File Based System की Performance काफी कम हो जाती है।

एक File-Based System से Performance प्राप्त करने के लिए हमारे पास एक बहुत ही ज्यादा Speed वाला Computer होना चाहिए और एक बहुत ही तेज Speed का Network होना चाहिए। जबकि हमेंशा ऐसा सम्भव नहीं होता है। आज भी Network की Speed बहुत ज्यादा तेज नहीं है और ज्यादा तेज Speed वाले Networks के लिए बहुत ज्यादा खर्चा करना पडता है। इसलिए इस समस्या का दूसरा समाधान Client/Server Architecture में है और यही वह स्थिति भी है, जहां Oracle महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

एक Client/Server Architecture में Client व Server दोनों होते हैं। Client Computers ज्यादा Powerful नहीं होते हैं और इन पर Visual Basic जैसा कोई Client Application Stored होता है। Server एक ज्यादा Powerful Computer होता है, जिस पर Database Server को Store किया जाता है साथ ही System से सम्बंधित सभी महंगे Equipments को इस Server के साथ ही Attach किया जाता है।

हम हमारे Client Software को Visual Basic में Develop करेंगे, हालांकि Clients को विभिन्न प्रकार की Programming Languages में, विभिन्न Hardware Platform तथा Operating Systems के लिए Develop किया जा सकता है। इसी तरह से हम हमारे Server Software को Oracle में Develop करेंगे, जिसे लगभग सभी प्रकार के Operating Systems व Hardware पर Place किया जा सकता है।

Client/Server Architecture द्वारा प्राप्त होने वाली ज्यादातर Advantages Server में ही Exist होती हैं, जो Server को Data पर विभिन्न प्रकार की Processing को Apply करने की Capabilities Provide करती हैं। आज के PC इतने Powerful हैं जो Data को विभिन्न तरीकों से Process करके उन्हें विभिन्न प्रकार की Graphical Form में Display कर सकते हैं।

Client/Server Architecture में किसी Database Application को दो हिस्सों में Develop किया जाता है। Server Part Data पर विभिन्न प्रकार की Processing करने व विभिन्न प्रकार की Information Generate करने का काम करता है जबकि Client Part Server से Generate होने वाले विभिन्न प्रकार की Information को विभिन्न प्रकार के Format में Display करने व Output Generate करने का काम करता है। दोनों ही Part एक दूसरे से स्वतंत्र रूप से काम करते हैं।

Multi-Tire Architecture

Client/Server Architecture में भी जब Database के Data बढते हैं, तब कुछ परेशानियां पैदा होती हैं और इस Situation के कई Solutions हैं। Multi-Tier Software में एक ही Software के कई Tiers होते हैं और हर Tier एक Specific काम को अच्छे तरीके से पूरा करता है। Tiers को सामान्यतया तीन भागों में बांटा जाता हैः

1 पहला Client या GUI Tier,
2 दूसरा Middle या Business Tier व
3 तीसरा Data Tier.

Multi-Tier Architecture को सामान्यतया **Three-Tier Architecture** भी कहा जाता है। Multi-Tier Approach में Visual Basic जैसे Frontend से सम्बंधित Softwares को Client का Role Play करता है, जैसा कि Client/Server Architecture में करता है, हालांकि Multi-Tier Architecture में Visual Basic को Client/Server Architecture की तुलना में बहुत ही कम Data Processing का काम करना पडता है।

Multi-Tier Architecture में Visual Basic का मुख्य काम Data को विभिन्न प्रकार से Display करना ही होता है। लेकिन Visual Basic Middle Tier में बहुत ही महत्वपूर्ण Role Play करता है, जहां पर विभिन्न प्रकार की Processing व Business Rules को Capture किया जाता है।

Visual Basic Middle Tier में ये महत्वपूर्ण Role इसलिए Play कर सकता है, क्योंकि Visual Basic 6 में हम ActiveX Components Create कर सकते हैं, जो कि एक Transaction-Processing Environment जैसे कि Microsoft Transaction Server (MTS) के Under में Server पर Run हो सकता है। Multi-Tier Architecture में हम निम्न सुविधाओं को प्राप्त करते हैं, जिन्हें Provide करने में एक Client/Server Architecture Fail हो जाता हैः

1 Create किए गए Applications को Deploy करना व Update रखना सरल होता है। ये Architecture उस स्थिति में काफी महत्वपूर्ण साबित होता है, जब हम हमारे Application को Web पर Use करने के लिए बढाना चाहते हैं।
2 इस Architecture की वजह से जब भी Business के Business Rules Change होते हैं, हमें केवल Client Tier को ही Modify करना पडता है।
3 विभिन्न प्रकार के Business Rules को Middle Tier में Encapsulate करने के कारण कोई भी अन्य Application, जो कि इन Business Rules को Access करना चाहता है, वह Shared Components Create करके, एक ही Client Application के विभिन्न Business Rules को अन्य Client Applications में Access कर सकता है।
4 Business Layer इस बात के लिए निश्चित करता है कि Data की Security Standard नियमों पर ही आधारित है इसलिए Data पूरी तरह से Stable हैं।
5 Multi-Tier Architecture के कारण Application Scalable होता है।

Network Computing Architecture

Oracle के Multi-Tier Design को ही Network Computing Architecture (NCA) भी कहा जाता है। इस Architecture में Multi-Tier Architecture के सभी Features शामिल होते हैं। फिर भी NCA में Client की तुलना में मुख्य महत्व Middle Tier व Back-End Tiers का ही होता है। NCA में Multi-Tier Architecture के तीनों Layers या तीन से अधिक Layers हो सकते हैं।

Clients

तीनों ही Tiers को निम्नानुसार तीन Categories में Describe किया गया है, जिसे हम **Thin Client** कह सकते हैं। इस Architecture में Client एक Universal Thin Client होता है, जो निम्न में से कोई भी हो सकता हैः

- A Traditional Web Browser
- A Java-Based Client
- A Network Computer

Thin Client बनाने का मुख्य Purpose ये हैं कि कोई भी Application किसी भी User तक पहुंच सके, फिर वह User चाहे जो Operating Software Use करता हो या चाहे जिस Software के Through वह इस Application को Use करे।

Application Server

Application Server एक Special प्रकार का Software Piece होता है, जो कि Middle Tier को Efficient व Scalable बनाने के लिए Develop किया जाता है। किसी भी Middle Tier Software को Develop करने का एक मकसद ये भी होता है कि Server से आने वाली किसी भी Request को पूरा करने के लिए ये Middle Tier अपने किसी भी Code, Object या Component को Server के लिए Available करे।

Application Server एक Flexible Design होता है, जिसे Oracle में **Cartridges** कहा जाता है। Cartridges वे Products होते हैं जो Server Software के Top पर उसी तरह से Run हो सकते हैं, जिस तरह से हमारे Web Browser में **Plug-Ins** Run होते हैं। Cartridge का प्रयोग करके हम मुख्यतः Base Application Software को ही अपने स्वयं के Code Statements द्वारा Extend करते हैं। Cartridge की एक सबसे बडी विशेषता ये है कि हमारे Cartridge Code में यदि कोई Error हो तो हमारा Application Server काम करना बन्द नहीं करता है।

Universal Data Server

Data Server Layer को Design Philosophy के कारण अक्सर Universal Data Server के नाम से भी पुकारा जाता है क्योंकि ऐसे Data Server किसी भी प्रकार के Data को Handle करने में सक्षम होते हैं। Oracle 8 में हम 4 GB तक का Data Handle कर सकते हैं। Oracle की इस विशेषता के कारण हम Graphics व Video की Information को Oracle के Database में Store कर सकते हैं।

ORACLE

ARCHITECTURE

Oracle - Architecture

Oracle Database को हम Database व Instance दो रूपों में देख सकते हैं। Technically एक Oracle Database उन Files का एक Physical Collection होता है, जो Database में Exist होते हैं। लेकिन स्वयं Database अपने स्तर पर कुछ नहीं होता है, क्योंकि Database से Directly Interact करने का User के पास कोई तरीका नहीं होता है।

जबकि Instance Oracle का एक Running Database होता है, जिसमें Memory Structure होता है और Associated Process होते हैं, जो इन Memory Structures से Interact होते हैं व Memory Structures को Manipulate करते हैं।

जो लोग Oracle Relational Database Management Systems (RDBMS) पर काम करते हैं, वे अक्सर Instance व Database को Interchangeably Use करते हैं। इन दोनों के बीच का मुख्य अन्तर ये है कि एक Physical Database File से कई Instances Connect हो सकते हैं।

जब किसी Oracle Instance को Start करने के लिए कोई Script Run होता है, तब विभिन्न प्रकार के Processes को Start करने के लिए Oracle उन्हें Required Memory Space Allocate करता है।

इस तरीके में हमारे पास एक ही Server पर एक से ज्यादा Database Instance हो सकते हैं, जो कि एक दूसरे से स्वतंत्र रूप से Run होते हैं। Oracle Parallel Server में Same Single Data Files के समूह के साथ एक से ज्यादा Instances Mount हो सकते हैं। Oracle को समझने के लिए हमें Memory, Server Processes व Data Files तीनों Concepts को समझना होता है।

Memory Structures

System Global Area (SGA) जिसे कई बार Shared Global Area भी कहते हैं, Oracle का Main Memory Component होता है। Oracle एक Memory Based Database है, जिसका मतलब ये है कि Data, Locks व अन्य Elements Memory में Hold होते हैं। SGA की Size कभी भी Server Machine की Physical Available Memory से ज्यादा नहीं होती है, अन्यथा Virtual Memory Paging होने लगता है, जिससे Oracle Database की Performance कम हो जाती है।

जब किसी Computer में ज्यादा Physical Memory नहीं होती है, तब बडे Programs व बहुत सारे Programs को एक साथ चलाने के लिए Operating System में Virtual memory Model को Use किया जाता है।

इस Model में जो Application Program Active होता है, उसके Data तो Main Memory में रहते हैं और जो Program Inactive होते हैं, उन्हें Hard Disk पर भेज दिया जाता है। Hard Disk में जितना Free Space होता है, उसे Operating System द्वारा Virtual Memory की तरह Use कर लिया जाता है।

Main Memory में जो भी Application Store होता है, वह Memory के विभिन्न हिस्सों में Store होता है। Memory के विभिन्न हिस्सों को Page कहा जाता है और Main Memory के Data को Disk की Virtual Memory में भेजने की प्रक्रिया को **Paging** कहा जाता है।

सामान्यतया Memory Pages की Size 4KB या 8KB होती है। पहले जो Operating Systems बने थे, उनमें पूरे Application को ही Virtual Memory में भेज दिया जाता था। इस प्रक्रिया को **Swapping** कहा जाता था। इसलिए आज के नए Operating System में भी जिस File के Data को Main Memory से Virtual Memory में भेजा जाता है, उसे **Swap File** ही कहते हैं।

Oracle के System Global Area (SGA) Memory में निम्न Components होते हैं:

- **Database Buffer Cache**
- **Redo Log Buffer**
- **Shared Pool Area (Which is made up of the following components:**
  - **Library Cache (Which includes a Shared SQL Area)**
  - **Data Dictionary Cache (also known as the Row Cache)**

जब कोई Oracle Instance Start होता है, तब Oracle उसके SGA को Memory Allocate करता है। Oracle स्वयं ही इसके विभिन्न Components की Memory को Manage करता है और तब तक किसी भी Component की Memory को Release नहीं करता है, जब तक कि Oracle के उस Instance को Shut Down नहीं कर दिया जाता। साथ ही Allocate की जाने वाली Memory Dynamically Increase नहीं होती है।

Memory Allocation को Change करने के लिए, हमें Oracle के Instance को Shut Down करना पडता है, उसके बाद Initialization Parameters में Change करना होता है और फिर से Oracle के Instance को Start करना होता है।

The Database Buffer Cache

ये SGA की Memory का वह हिस्सा होता है, जहां Database की किसी Data File से Read किया गया Data Store होता है। यही Data किसी Visual Basic Client Application द्वारा Access होता है। ये Cache Buffers से बनता है, जिसकी Individual Size उस Physical

Database Files के किसी Database Block के बराबर होती है, जिसमें Data को Manage किया जा रहा होता है।

यदि इस Memory में कोई Data ना हो, तो User के Client Application की Request पर Generate होने वाला Data इसी Buffer में Store होता है। जब हम Database से Connect होते हैं, तब Oracle एक Server Process Create करता है, जिसे Shadow Process भी कहते हैं। ये Process Application की Request को हमारी जरूरत के आधार पर Handle करता है।

Cache में दो Lists होती हैं जो Buffer को Manage करती हैः जिन्हें **Least Recently Used (LRU) List** व **Dirty List** कहते है। Least Recently Used List सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होती है। **SELECT** जैसे किसी Command से जितनी बार भी Data Buffer Access होता है, ये Data इस List के Top पर पहुंच जाता है।

जबकि जो Buffer Access नहीं होता है, वह इस List के Bottom में Move हो जाता है। इस List में हमेंशा अन्तिम बार Access किया गया Data Stored रहता है। इस Buffer को Create करने का मुख्य Purpose ये होता है कि किसी Data के लिए Physical Disk Reading Operation को कम किया जा सके।

Oracle का दूसरा List उन Data Buffers की जानकारी को Hold करता है, जिन्हें Change किया गया है। जब भी Client Application किसी ऐसे Data की Request करता है, जो कि Database Buffer Cache में नहीं होता है, तो Oracle LRU List को Free Buffer के लिए Search करता है। यदि Search के दौरान Dirty List Buffer प्राप्त होता है, तो Server Process उन्हें Dirty List में Move कर देता है।

जब कुछ निश्चित संख्या में Buffers को Scan कर लिया जाता है और कोई भी Free Buffer प्राप्त नहीं होता है, तो Database Writer Process (DBWR) कुछ Dirty Buffers को Disk पर Write करता है, जो उन्हें Free कर देते हैं। वे Buffers जो कि Dirty नहीं होते हैं, वे किसी भी समय List से Move Out हो सकते हैं और वे Buffers जो कि LRU List में Bottom पर होते हैं, वे सबसे पहले Free हो सकते हैं।

Redo Log Buffer

Redo Log Buffer Memory का वह Area होता है, जो Database में किए जाने वाले सभी General Changes को Hold करता है। Database में किए जाने वाले विभिन्न Changes को Redo Log Entries कहते हैं। ये Datablocks की Copy नहीं होते हैं बल्कि ये वे जानकारियां होती हैं, जिनकी जरूरत Datablocks को फिर से Reconstruct करने के लिए पडती है।

जब Database के Changes को Capture किया जाता है, तब इन Entries को जितना हो सकता है उतना छोटा रखा जाता है। इनका प्रयोग Database के Crash होने पर Recovery के

लिए किया जाता है। Buffer को Memory में Circular Area के रूप में Use किया जाता है, इसलिए Buffer Memory के अन्त पर पहुंच कर फिर से Memory की शुरूआत से Data Holding का काम करने लगता है।

Redo Log Entries को Storage में Permanently Write या Overwrite किया जाता है। Log Writer Process (LGWR) इस Buffer को Monitor करता है और जब भी जरूरत होती है, इसके Contents को Ftush करता रहता है। Server Processes Redo Log Buffer में Writing को Control करता है और LGWR Redo Log Entries के आधार पर Changes को Buffer में Write करता है।

Shared Pool

Shared Pool SGA Memory का एक ऐसा Area होता है, जिसमें उस Memory का हिस्सा होता है, जिसे विभिन्न Users द्वारा Share किया जा सकता है। इसमें बहुत सारे छोटे–छोटे Memory Areas होते हैं, जिन्हें अग्रानुसार समझाया गया है:

Library Cache

Library Cache में ऐसे बहुत सारे Components होते हैं, जिन्हें विभिन्न Database Users द्वारा Share किया जाता है। इसका Shared SQL Area सबसे महत्वपूर्ण Component होता है। Shared SQL Area में हर SQL Statement की Detail के साथ ही SQL Statement के Execute होते समय के Execution Plan की भी Detail होती है, जिसे **Parse Tree** कहा जाता है।

Shared Area में वे Identical SQL Statement Hold होता है, जिसे एक से ज्यादा Users Share करते हैं। इस Statements का सभी Users के लिए बिल्कुल Identical होना जरूरी होता है साथ ही ये SQL Statements समान Object से ही Refer होने भी जरूरी होते हैं।

इसका फायदा ये होता है कि यदि एक से ज्यादा Users एक समान SQL Statements को Execute कर रहे होते हैं, तो एक ही Object से Refer होने के कारण Oracle एक ही SQL Statement को Hold करता है, जिससे Database की Performance Increase हो जाती है।

Data Dictionary Cache

SGA का Data Dictionary Cache उन Tables की Information Hold करता है, जिन्हें Use किया जा रहा है। ये Table Name, Table Column Name व Column Data Types को Store करता है। इस स्थिति में जब भी किसी SQL को Parse करने की जरूरत होती है, SQL से सम्बंधित Information पहले से ही उपलब्ध रहती है। ये सभी Memory Areas व Processes के लिए Available रहता है और ये पूरी तरह से Performance से सम्बंधित होता है। Data

Dictionary Cache के हिस्सों को भी उसी तरह से Ftush किया जाता है, जिस तरह से Database Buffer Cache को किया जाता है।

Additional Memory Areas

इन सभी Memory Areas के अलावा दो और Memory Areas होते हैं, जो कि निम्नानुसार हैं:

1. **Program Global Area** या **PGA,** जो कि Server Processes के लिए Control Information को Store करता है।
2. **Sort Areas** जो कि Memory-Based Sorts के लिए Use होता है।

Processes

Oracle को जिन Memory Structures की जरूरत होती है, उन्हें समझने के बाद अब हमें उन Processes को समझना है, जिनकी जरूरत इन विभिन्न Memories को Manage करने के लिए Oracle को होती है। ये Processes Memory Structures के साथ मिलकर Oracle के मुख्य Concept यानी Oracle Instance को परिभाषित करते हैं।

एक Oracle Instance के साथ बहुत सारे Background Processes Associated होते हैं और ये सभी Database में अलग–अलग तरीके से अपना Role Play करते हैं। मुख्य रूप से चार Processes Mandatory होते हैं, जो कि निम्नानुसार हैं:

1. The Database Writer (DBWR),
2. The Log Writer (LGWR),
3. The Process Monitor (PMON),
4. The System Monitor (SMON),

इन चारों Processes के बारे में हम आगे विस्तार से जानकारी प्राप्त करेंगे। इन चार Processes के अलावा हम एक और Process यानी **Archive Process (ARCH)** के बारे में भी जानकारी प्राप्त करेंगे, क्योंकि इसकी जानकारी के बिना हम Disk Failure की स्थिति में Database को पूरी तरह से Recover नहीं कर सकते हैं और अन्त में हम **Listener Processes** के बारे में जानेंगे, जो कि किसी Network User जैसे कि Visual Basic जैसे किसी Client Program को Database से Connect होने की सुविधा प्रदान करता है। किसी भी Oracle Instance में मुख्य रूप से निम्न Processes Involved होते हैं:

Process Name : ARCH

Description : ये Process Redo Logs को Archive करने के लिए Disk पर या किसी अन्य External Device पर Copy कर देता है।

Process Name : CKPT

Description : ये Process Checkpoint Event के समय Data File के Header को Synchronization Number के साथ Update करता है। ये Process Optional होता है। यदि हम इस Process को Use ना करें, तो LGWR Process इस काम को पूरा करता है।

Process Name : Dnnn

Description : ये Dispatcher Process एक या एक से अधिक User Processes के लिए Database के Shared Access को Control करता है। ये Process तब Enabled हो जाता है, जब Multithreaded Server Option को Use किया जाता है। ये उस Server Processes को Replace कर देता है, जो User Processes के आधार पर SQL Request को Handle करता है।

Process Name : DBWR

Description : ये Process उस Data को File में Write करता है, जिसे Database Cache में Change किया गया होता है, ताकि Request किए गए नए Data को SGA में Hold करने के लिए Room Create किया जा सके। इसका प्रयोग Transaction को Commit करने के लिए नहीं किया जाता है।

Process Name : LCKn

Description : ये Process केवल Parallel Server Option के लिए Enabled किया जाता है।

Process Name : PMON

Description : जब Server Process Failure की स्थिति होती है, तब Process Monitor Transaction को Rollback करने का काम करता है। ये Process इस बात को निश्चित करता है कि जिस Transaction के लिए Database के Resources को Lock किया गया था, वे Transaction के Fail होने की स्थिति में Released हो जाएंगे।

Process Name : RECO

Description : ये Recover Process Networking Failure के बाद Distributed Transaction को Clean कर देता है।

Process Name : Snnn

Description : ये Shared Server Process केवल Multithreaded Server Option में Use होता है। ये Dispatcher Processes द्वारा Request किए गए SQL को Process करने का काम करता है।

Process Name : SMON
Description : Crash Recovery की स्थिति में SMON Database Changes को Last Checkpoint Event तक Replay कर देता है। ये Changes Online Redo Log Files में Store हो जाते हैं।

Process Name : SNPn
Description : ये Automatic Snapshot Refresh Process, Distributed Database Configuration में Master Database व अन्य Databases के Changes को Propagates करने के लिए Use होता है। हम इन्हें हमारे स्वयं के कामों के लिए भी Use कर सकते हैं।

Oracle Instances की सबसे ज्यादा Important Processes DBWR, LGWR, PMON व SMON हैं। यदि इनमें से कोई भी Service Fail हो जाए, तो Oracle Instance Fail हो जाता है। हालांकि ARCH एक Optional Process है, लेकिन फिर भी इस Process के बिना Data Archive नहीं किया जा सकता है और Failure के बाद Recovery का Chance बहुत ही कम होता है।

Windows NT पर Oracle के उपरोक्त सभी Processes एक Single Service द्वारा Active होते हैं। Service एक Executable Process होता है, जो कि Windows NT वाले Computer पर Install होता है और उस स्थिति में भी Run होता रहता है, जब कोई भी User Logged On नहीं होता है। वह Oracle Service जो कि इन सभी Threads को NT पर Run करता है, **OracleServicesid** कहलाता है, जहां **sid** Run होने वाले Oracle Instance का नाम होता है।

हम कई और Oracle Services को देख सकते हैं, जो कि उस स्थिति में स्वयं ही Automatically Start हो जाते हैं, जब Windows NT और **OracleTNSListener** को Restart किया जाता है।

OracleTNSListener एक ऐसा Service होता है जो Listener Process को Start करता है। ये Process Network पर स्थित विभिन्न Users को Database से Connect करता है। Server पर स्थित स्वयं **SQL *Plus Session** जैसे Native Connection के लिए Connection को पूरा करने के लिए किसी Listener Process की जरूरत नहीं होती है।

Database Writer (DBWR)

हम Database में जो भी Change करते हैं, वे सभी Changes Initially Memory में होते हैं। बाद में जरूरत होने पर Oracle स्वयं ही इन Changes को Data Files में Update करता है। Data File का Updation Oracle स्वयं ही Database Writer Process द्वारा Handle करता है। ये ही वह मुख्य Process होता है जो System Global Area के Data को Data Files में Write करता है। यदि User जिस Data के लिए Oracle से Request कर रहा है, वह Data Database

Buffer Cache में ना हो, तो Oracle स्वयं ही उस Data को पहले Database Buffer Cache में Hold करता है और उसके बाद User की Request को पूरा करता है।

Database Writer Process Database Buffer Cache से Dirty Blocks को Database Files में Write करता है। जब ये Buffer INSERT, UPDATE या DELETE जैसे किसी SQL Statement के Execution के कारण Change होते हैं, इस Buffer को **Dirty Block** के रूप में Mark कर दिया जाता है।

जब Buffer में Dirty Blocks की संख्या Dirty List में एक मान तक पहुंच जाती है, तब Database Writer Least Recently Used List को Use करके ये पता लगाता है कि वह Most Suitable Buffer कौनसा है, जिसे Data Files में Write करके उस Buffer को Free किया जा सकता है। क्योंकि Oracle स्वयं का File Structure Use करता है, इसलिए Database Writer कई Data Blocks को एक ही समय में Data Files में Write कर सकता है, जिसे Multi-Block Write कहा जाता है।

फिर भी चूंकि Oracle सभी Data को Data Files में Continuously Write नहीं करता है, इसलिए उस स्थिति में कुछ Data Memory में ही रह सकता है, Crash की स्थिति में इस Memory का Data, Data File में Write नहीं हो पाता है। इस Problem को Log Writer द्वारा Solve किया जाता है।

Log Writer (LGWR)

हम हमारे Database के Data में जो भी Changes करते हैं, वह Change न केवल Database Buffer Cache में होता है, बल्कि उस Change की Entry Redo Log Buffer में भी होती है। यदि हमारा Oracle Instance Crash हो जाता है, तो Buffer की Entries Lost हो जाती हैं।

Crash के बाद Recovery को Enable करने के लिए इन Entries को External-Disk Files में Store किया जाना जरूरी होता है। Log Writer Process इन Entries को Redo Log Buffer File से लेकर एक या एक से अधिक Online Redo Log Files में Write करने का काम करता है।

चूंकि जब भी हम हमारे Database में Change करते हैं, उस Change की Entry Redo Log Buffer में भी होती है, इसलिए Crash होने की स्थिति में Oracle इन Redo Log Buffer Files का प्रयोग करके Recovery का काम करता है।

यदि हम Checkpoint Process (CKPT) को Enable नहीं करते हैं, तो Log Writer Data File के Header की Updating Checkpoint Event की स्थिति में स्वयं करता है। Log Writer Process निम्न स्थितियों में Redo Log Buffer के Contents को Write करता हैः

1 जब Database Transaction Commit होता है।

2 जब Redo Log Buffer एक तिहाई भर जाता है।
3 Checkpoint Event की स्थिति में।

यदि उपरोक्त में से कोई भी स्थिति ना हो, तो Log Writer हर तीन सेकण्ड के अन्तराल पर Data को Disk Files में Write करता रहता है।

System Monitor (SMON)

SMON मुख्य रूप से निम्न कामों को पूरा करता है:

1. यदि Previous Database Shutdown में एक System-Wide Checkpoint Include ना हुआ हो, तो ये Process System Recovery का काम करता है।
2. Data File में Free Spaces के Adjacent Extents को Combine करता है। इस Action को Tablespace Level पर **PCTINCREASE = 0** Setting द्वारा Turn Off किया जा सकता है, जो कि Tablespace के Default Storage Parameter में होता है।

Process Monitor (PMON)

जब Server Process Fail होता है, तब Process Monitor SGA को Clean कर देता है। विशेष रूप से PMON Failed Session के Transaction को Roll Back कर देता है और Transaction से Associated किसी भी Resource को Lock कर देता है।

Archiever (ARCH)

ये Process हालांकि Mandatory नहीं होता है, फिर भी हम इसके बिना किसी Database को Media Failure जैसे कि Hard Disk के Damage होने की स्थिति में पूरी तरह से Recover नहीं कर सकते हैं।

हालांकि LGWR Process Data को Redo Log Buffer से Disk पर Write करता है, लेकिन इन Disk Files की Size व संख्या Limited होती है। इन्हें Circular Resources की तरह Use किया जाता है, ताकि जब Memory पूरी तरह से Fill हो जाए, तब LGWR फिर से शुरू से Memory में Data Hold कर सके।

जब ऐसा होता है, तो पिछला Data नए Data से Over Write हो जाता है और पुराना Data Lost हो जाता है। इस Setup को **NOARCHIVELOG Mode** कहा जाता है, जो कि Oracle का Default Mode होता है। Archive Process Data को Online Redo Logs File से Destination Directory में Write करता है।

